आकाशवाणी शिमला

10.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

प्रधानमंत्री—रक्षा क्षेत्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले ग्यारह वर्षों में भारत के रक्षा क्षेत्रमें हुए उल्लेखनीय परिवर्तन पर प्रकाश डाला है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह देखना उत्साहजनक है कि कैसे भारत के लोग राष्ट्र को मजबूत करने के साझा संकल्प के साथ एकजुट हुए हैं।

सीएम दौरा

हिमाचल प्रदेश की ऐतिहासिक भारत—तिब्बत सीमा एक बार फिर देश के आम लोगों के लिए खुलने जा रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू किन्नौर जिले के प्रवास के दूसरे दिन आज शिपकी—ला दर्रे से सीमा पर्यटन गतिविधि का शुभारंभ कर रहे हैं। एक रिपोर्ट.....

हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले के सीमावर्ती गांव शिपकी—ला से तिब्बत के लिए एक सिल्क रूट की शाखा रही है जहां से भारत और तिब्बत के बीच सदियों से व्यापार होता रहा है। वर्ष 1962 में चीन के हमले के बाद शिपकी—ला दर्रे से व्यापारिक गतिविधियों पर विराम लगा लेकिन वर्ष 1993 के बाद एक बार फिर यहां से भारत—तिब्बत के बीच व्यापार का चलन शुरू हुआ और अब प्रदेश सरकार की मांग पर वर्षों से अनछुए व प्राकृतिक रूप से सुंदर क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों के लिए रक्षा मंत्रालय से मंजूरी मिली है। जिसे देखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू यहां सीमा पर्यटन गतिविधि का शुभारंभ करने जा रहे हैं जिसके फलस्वरूप राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में अब पर्यटक यहां के नैसर्गिक सौंदर्य को निहार सकेंगे। मुख्यमंत्री अपने दौरे के दौरान छोपन में सरहद वन उद्यान का शिलान्यास भी करेंगे।

आकाशवाणी समाचार के लिए सरूपमा शर्मा।

रक्षा राज्यमंत्री

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने बीते कल शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमांन का दौरा किया। इस दौरान उन्हें लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने सेना प्रशिक्षण कमांन द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत करवाया। रक्षा राज्यमंत्री ने सेना प्रशिक्षण कमान की विभिन्न पहलों की सराहना करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की वीरता व शौर्य का ऐतिहासिक बताते हुए इसे आतंकवाद और इसके अपराधियों के खिलाफ लड़ने के लिए भारत के दृढ़ रूख का सफल प्रदर्शन कहा। उन्होंने पूर्व सैनिकों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की भी। इस बीच केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता को भी संबोधित करेंगे। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर भी मौजूद रहेंगे।

गृह मंत्रालय—मुआवजा

सरकार जम्मू—कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्रों में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान क्षतिग्रस्त मकानों के लिए अतिरिक्त 25 करोड़ रुपए का प्रावधान करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तानी गोलाबारी में क्षतिग्रस्त मकानों के लिए अतिरिक्त मुआवजे की घोषणा की थी। गृह मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री ने पूरी तरह क्षतिग्रस्त मकानों के लिए दो—दो लाख रुपए और अंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए एक—एक लाख रुपए की अतिरिक्त क्षतिपूर्ति की घोषणा की थी। गृह मंत्रालय ने शीघ्रता से इसे लागू करना सुनिश्चित किया है। पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए भी समान अतिरिक्त क्षतिपूर्ति राशि दी जाएगी।

एडवाईज़री

मानसून सीजन को देखते हुए कांगड़ा जिला प्रशासन ने पर्यटकों व लोगों के लिए एहतियातन एडवाईज़री जारी की है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी शिल्पी बेक्टा ने बताया कि यदि कोई भी सैलानी खड्डों या नदी नालों में नहाते या फिर अटखेलियां करते हुए पाया जाता है तो उसके विरूद्ध डिजास्टर मेनेजमेंट एक्ट के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

डयूरिंग मानसून और डीएम एक्ट में हम एक नोटिफिकेशन निकालते हैं जहां पर लोगों को जो हमारे रनर्स हैं या जो खड्डें हैं उसमें जाने पर रोक होती है और मेन हमारा यही है कि जो भी लोग इस तरह से अवेहलना करते हुए पकड़े जाएं तो उनपर हम अंडर रेलिवेंट सैक्शन ऑफ डीएम एक्ट के तहत एफआईआर सहित केस दर्ज करेंगे।

मौसम

प्रदेश में करीब एक सप्ताह से साफ मौसम के चलते तापमान में लगातार बढ़ौतरी दर्ज की जा रही है। बीते 24 घंटों के दौरान हमीरपुर जिले के नेरी में अधिकतम तापमान 42 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार आज प्रदेश के कई क्षेत्रों में लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है। इधर दूसरी ओर जनजातीय जिला लाहौल स्पीति की लाहौल घाटी में इन दिनों मौसम का मिजाज बदला हुआ नज़र आ रहा है। कुछ दिनों से घाटी के तापमान में 4 डिग्री सैल्सियस की बढ़ौतरी दर्ज की गई और यहां के नदी—नालों में पानी का बहाव भी तेज हो गया है।